Sh. Rala Ram was born on January 5, 1900. He was educated at hoshiarpur, Lahore and Jammu. He stated his career as a teacher in 1921. He visited east and South Africa in 1931-32. He remained a fellow of the University for a number of years and was a member of the Syndicate twice. He was elected to the Punjab Legislative Assambly in 1952 and continued till 1967. He was the Chairman of the Punjabi Regional Committee in the composiste Punjab.

The House resolves to send its heart-felf condolences to the members of the bereaved family.

Sir Khizar Hayat Tiwana, former Premier of eastwhile per partitioned Punjab

This House resolves so send its hear-felt condolences to the members of the bereaved family.

चौधरी चांद राम (बबैन अनुसूचित जाति): माननीय स्पीकर साहब, जो भाोक प्रस्ताव मुख्य मंत्री जी ने उन महानुभावों के बारे मे जो आज हमारे बीच मे नही है और जिनकी मौत से बड़ी भारी खला हुई है, सदन मे रखा है और विचार प्रकट किए है, मैं उनसे अपने आप को संबन्धित करता हूं। डाक्टर राधाकृश्णन की मौत के बारे मे बहुत कुछ लिख गया । मुख्य बात जो उनके बारे मे लिखी गई, वह यह थी कि स्टालिन भी उनसे बातचीत करने मे इज्जत महसूस करते थे। मै यह समझता हूं कि

भारत के लिए यह एक बहुत बड़ी चीज है जो यहां के एक विद्वान के बारे मे कही गई है। एि ाया इतना बड़ा दे ा है उसका डिक्टेटर कहिए, प्राईम मिनिस्टर कहिए या सर्व सर्वा कहिए अगर वह हमारे एक विद्वान के साथ बातचीत करने मे इज्जत महसूस करते थे और वह भी उस जमाने मे जब हमारा दे ा आगे को बढ़ रहा था तो यह बहुत बड़ी चीज है। तो मैं समझता हूं कि उनके चले जाने से भारत को बहुत भारी नुक्सान हुआ है। श्री खण्डू भाई देसाई लेबर लीडर थे। वे मजदूरों मे काम करते थे। हमारा उनसे कई वार वास्ता पड़ा परन्तु मौत संसार मे किसी भी व्यक्ति को बख्भाती नही है। वे आज हमारे बीच मे नही है। उनके गुजर जाने से हमे बहुत बड़ा दु:ख हुआ है। श्री आर.एन. सिंह देव हमारे भारतीय लोक दल के लीडर थे। उनकी मृत्यु होने से पहले, वे पिछले दिनों दल की मीटिंगज मे भाामिल होते थे। तो हमकों ऐसा लगता था कि एक राज घराने मे पैदा हो कर भी साधारण जीवन बसर करते है। वे साधारण तौर पर सोचते थे, साधारण तौर पर व्यवहार करते थे। हमे ऐसा लगता है कि आजाद हिन्दुस्तान के बाद राजा लोग किस तरह से बदल गये। यह हमको आर.एन. सिंह देव के जीवन से सबक मिलता है।

श्री प्रताप सिंह संसद सदस्य जो हिमाचल के थे। उनसे मेरा बड़ा घनिश्ट संबंध थां उनसे कई बार मुलाकात होती रही। मैं समझता हूं, वे जिस तरह से पहाड़ी क्षेत्र मे, आदिवासी हरिजनों मे इतना काम करते थे, आज भी उनका काम याद आता है।

श्री देवेनद्र नाथ महातों की मौत से भी वाकई ही बड़ा भारी नुक्सान हुआ है। जैसा कि चीफ मिनिस्टर साहब ने कहा है, वे एक गरीब परिवार मे पैदा होकर गरीबों मे काम करते थे। उनको भी मैं अपनी ओर से श्रद्धांजलि भेंट करता हूं। सर खिजर हैयात खां टिवाना हमारे ज्वांयट पंजाब मे जब हम सन् 1946–47 मे लाहौर मे पढ़ते थे, वे उस वक्त मुख्यमंत्री हुआ करते थे। वे रोहतक मे भी जाट स्कूल मे कई बार जल्से और जलूसों के मौके पर देखे। वे हमे ाा हिन्दु मुस्लिम यूनिटी के ह कमे रहे। वे हिन्दू सिक्ख मुस्लिम इतिहाद को चाहते थे। अखिरी वक्त तक इसी वि वास के साथ डटे रहे। कई आदमी बड़े फिरकापरस्त होते है लेकिन मैं समझता हूं कि जो मिसाल टिवाना साहब ने हमारे सामन और संसार के सामने रखी वह काबले तारीफ है। पाकिस्तान अलग हो गया, हिन्दुस्तान अलग हो गया लेकिन उनका वि वास अडिग रहा, वे यही चाहते थे कि हिन्दु मुस्लिम इकट्ठे रहे। मजहब की बिना पर वे दे ा का बंटवारा नही चाहते थे। मैं समझता हूं ऐसे इंसान का हमारे बीच से चले जाने से दे ा को बड़ा भारी नुक्सान हुआ है।

प्रिंसिपल रला राम मेरे साथ सन् 1952 मे एम.एल.ए. बने थे। पंजाब यूनिवर्सिटी के सीनेट के काफी दिनों तक मैंबर रहे। स्पीकर साहब, प्रिंसिपल रला राम जी संत विधायक थे। लोगों के साथ साधुवाद का व्यवहार करते थे। जिन हालात मे उनकी दु:खदायी मौत हई, जिन हालात मे उनका अन्त हुआ मै

समझता हूं उनके सारे जीवन के मुकाबले मे बहुत ही ज्यादा दुःखदायी नजर आता है।

पदमजा नायडू सारी उम्र दे ा की सेवा करती रही। उनकी माता, जिनकी हम को अंग्रेजी पोयटरी पढ़ने का बहुत ज्यादा मौका मिला ओर वे ऐसे वक्त मे आजादी की लड़ाई मे ऐसे काम कर गई जो मैं समझता हूं नारी जाति के लिए बहुत बड़ी मिसाल है। यह साल तो सारी दूनियां मे नारियों का साल हैं जितनी महान उनकी माता थी, उससे महान वे खुद भी थी। ऐसे साल मे उनका चले जाना दे ा के लिए बड़ी भारी दुःखदायी बात है। मै समझता हूं कि यह प्रस्ताव जो पे ा किया है, उससे मै अपने आपको संबंध करता हूं और परमात्मा से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को भाान्ति प्रदान करें ओर उनके लवाहकिन को पूरा हौसला दे कि इस गम को बरदा त कर सके।

चौधरी प्रताप सिंह दौलता (बेरी): स्पीकर साहब, जिन बुजुर्गो और साथियों के चले जाने पर जो प्रस्ताव लीडर आफ दी हाउस ने रखा है, मै अपने जजबात उसके साथ वाबस्ता करता हूं। सर डाक्टर राधाकृश्णन जी के बारे मे इतना ही अर्ज करना चाहता हूं कि उनको मास्टर आफ ईस्ट्रन विजडम, तो वाजिब होगा। पिछले चार–सौ, पांच–सौ साल मे योरूप मे या ईस्ट मे, योरूपीयन मुल्कों ने जो आध्यात्मिक तरक्की की, हिन्दुस्तान मे चूंकि फुर्सत भी और गंगा और जमुना के मैदान मे फिलौसफी डिवैल्प हुई, यह फिलौसफी सर राधाकृश्णन जी के वजूद मे आने

से पहले हिन्दुस्तान मे ही रही। वे हिन्दुस्तान के एक कलचरल अम्बैसेडर थे। उन्होने जो किताबें लिखी, जिन लोगों ने नावल भी पढ़े है, अमेरिका मे या रूस मे, जेसे मालियतपरस्त मुल्कों मे लिखे गये, उन नावलों मे भी दुबारा जन्म लेने की बात,यह जो theology, Indian theology जो दूनियां के लिटरेचर मे दाखिल हुई, उसका तमाम क्रेडिट राधाकृश्णन जी को जाता है। वे कई यूनिवर्सिटीज के स्टैंडिंग प्रोफैसर थे। वे वहां जाया करते थे और सालाना लैक्चर डिलिवर किया करते थे। इसके अलावा गवर्नमैंट इन्हे इन्वाइट भी करती थी। तो हिन्दुस्तान की जो रूहानियत की फिलौसफी थी, जो हमारा खजाना था तीन चार हजार साल से, वह उनके वजूद मे आने के बाद दूसरी दूनियां को पता लगा। चुनांचे मुझे अब तक याद है जब उनको अम्बैसेडर बना कर रूस मे भेजा गया तो कई अखबारों ने इसे in congruous का एडिटोरियल लिखा कि अजीब बात है कि स्पिरचूअल टीचर को dialectical materialism के मुल्क रूप मे भेज दिया, ये कैसे कामयाब होंगे वहां ? बाद मे के.पी.एस.मैनन ने जो किताब लिखी, जैसा कि अभी भाई चान्द राम जी ने जिक्र किया कि उन्होने लिखा कि मेरी स्टालिन से जब मुलाकात हुई तो स्टालिन ने बजाया कि इससे बड़ा डिप्लोमैंट आदमी, जितने उस वक्त तक के कन टैम्परेरी है, और आज तक है, जो हिन्दुस्तान के अम्बैसेडर रहे, सर राधाकृश्णन जैसा डिप्लोमैट, मैने आज तक नही देखा। उन्होने dialectical materialism मे यकीन रखने वालो को भी इम्प्रैस

कियां उनकी जयानत की जितनी तारीफ की जाये, उतनी ही कम है।

इसके अलावा डिपलोमैटिक पोस्ट टाप मोस्ट उन्होंने होल्ड की, ऐजुके ानल दुनियां मे माने हुए टीचर थे। सब से बड़ी एडमिनिस्ट्रेटिव पोस्ट भी राश्ट्रपति की, जिस पर वे इलैक्ट हुए, वे भी जहां उनकी महानता है वहां देवी लाल जी के जमाने की कांग्रेस की भी बड़ी महानता हैं यही मुल्क है हिन्दुस्तान ही जिसकी रूलिंग पार्टी ने मुल्क की बैस्ट टेलैन्ट को, चाहे वह किसी पार्टी मे थी, कांग्रेस मे थी या न थी लायल और टॉप की पोस्टों पर रखा।

डॉ. अम्बेडकर, भयाम प्र ााद मुकर्जी, डॉ. सर राधाकृश्णन उन लोगो मे से थे, जो इस मुल्क की स्पिरचुअल बैकग्राउंड की जो जमहूरियत है टालरैन्स की, वे लाये। सर राधाकृश्णन जी ने हिन्दुस्तान का सब से बड़ा ऐडमिनिस्ट्रेटिव ओहदा भी, डिप्लोमैटिक ओहदा भी संभाला और टीचर तो वे हमारे थे हीं इतनी बड़ी भाख्सीयत के चले जाने से हिन्दुस्तान को ही नही बल्कि सारी दुनियां को बड़ा भारी नुक्सान हुआ है।

दूसरे मै, खण्डू भाई देसाई के बारे मे अर्ज करना चाहता हूं। मेरी पहल मुलाकात देहली मे उनसे 1958 मे हुई जब जगन्नाथ जी कौ ाल जो अब हमारे एडवोकेट जनरल है, इन्होने कुछ M. Ps. को खाना दिया था। वे भी वहां मौजूद थे। मैंने उनके

बारे मे बहुत कुछ पढ़ा था लेकिन यह खण्डू भाई देसाई है। जो लोग हिन्दुस्तान की इकौनौमिक हिस्टरी से वाकफियत रखते है उन्हे मालूम है कि पिछली सदी और इस सदी के इबतदा मे अहमदाबाद और बम्बई, कलकत्ता और मद्रास, कानपुर एज ए इन्डस्ट्रीयल टाउन बाद मे फील्ड मे आया, ये टाउन ज्यों–ज्यों उभरे इनके साथ साथ लेबर प्रोबलम भी उभरी, लेबर प्रोबल्म के साथ साथ लीडर उभरें कामरेड इन्दु लाल याज्ञिक और खंडू भाई देसाई की गुजरात मे या बम्बई मे वही पोजी ान थी जो जो ी की तमाम हिन्दुस्तान मे थी और गिरि साहब की साउथ इंडिया मे थी। अब उन तमाम लीडरों में से सिर्फ गिरि साहब ही जिन्दा है। मैं इस बड़े भारी ट्रेड–यूनियनिस्ट को एज गवर्नर क्या कहूं, क्योकि गवर्नर तो और भी बहुतेरे रहे है लेकिन जो ऐमीनैन्स उनकी हिन्दुस्तान मे रही है, वह ऐज ट्रेड यूनियनिस्ट लीडर रही है। मुझे बहुत खु ी है कि कौ ाल साहब को भी अब तक याद है। उन्होंने मुझे बहुत बड़ा ट्रिब्यूट पे ा किया और कहा कि पंजाब के सरे जमीन के बारे मे हमारे चाहे कुछ भी इख्तलाफात हो लेकिन पंजाब एक ऐसी जगह है जहां इकौनोमिक बेसिज पर ट्रेन यूनियन बेसिज पर गवर्नमैंट है। उस वक्त जो गवर्नमैंट थी, जिससे बहुत से लोगों को इमो ानली प्यार या किसी को नफरत है, वह छपा। उन्होंने पंजाब से कहा कि पंजाब ही वह पहला सूबा है जहां इकौनौमिक बेसिज पर बेस्ड ट्रेड यूनियनिस्टस की हकूमत कायम हुई।

खण्डू भाई देसाई के बाद श्रीमती नायडू जी का जिक्र आया। इल्मीयत, लनिंग, चार्म्स हुस्न के साथ साथ जेहानत जो उनमे थी, वह उनकी भाख्सीयत का सब से बड़ा पार्ट है। जिस दिन उनकी खबर रेडियों पर आयी कि नाजुक हालत मे है, मै उस वक्त अपने एक बड़े पुराने हम क्लास के साथ राजेन्द्र पार्क मे सैर कर रहा थां वे एस.डी. कालेज मे पढ़ा करती थी। मै डी.ए.वी. कोलेज मे था। उन्होंने मुझे एक ही बात याद दिलायी ओर मुझे यह बात आज तक याद है कि फोरमैन क्रि चयन कोलेज कालेज मे एक डिबेट हुयी और उस डिबेट मे दूसरी यूनिवर्सिटीयों मे भी लोग आये। पंजाब यूनिवर्सिटी यंग स्पीकर्ज यूनियन के मातहत। आगा हैदर साहब प्रि जाईड कर रहे थे जो हाइ कोर्ट के जज थे। जब कोई लड़की आती थी तो जरा नीचे देखने लग जाते और जब कोई लड़का बोलता तो सिर उठा लेते। वे यह आब्जर्व करती रही। जब इनकी बारी आयी तो इन्होंने कहाः ''मिस्टर चेयरमैन'' तो चेयरमैन साहब ने अपना सिर फिर भी नीचे झुकाये रखा। आगा साहब की दाढ़ी होती थी। फिर उन्होंने दाढ़ी पकड़कर कहाः ''मिस्टर चेयरमैन''। तो उन्होंने उन की तरफ देखा तो उसी वक्त वह अपोलोजैटिक होकर कहने लगे I did not mean any discrimination. In the height of modesty, I never see when some lady is speaking. अगनी जो बात नायडू की लड़की ने बड़े मार्के की वह एक और थी। इंगलि ा कीा एक्सैंट ऐसा था कि लोग समझ नही सकते थे कि अगला फिकरा वह उर्दू मे बोल देगी। उन्होंने कहाः ''मियां आगा हैदर, पिछली गर्मियों मे `जब

आप लन्दन में थे तब तक यह मौडैस्टी आप मे नही थी, इस से सारा हाउस हंस पड़ा और उनके इस मजाक की आज तक उस वक्त के कन्टैम्पोरेरीज को याद है। इन्ही के बड़े भाई चट्टोपाई, कजन थे जिन्होंने फस्ट पार्लियामैंट मे अपनी सारी तकरीर इंगलि ा मे पोइटरी मे की थी और वह मालवंकर के बाद पहली मिसाल है क्योंकि मालवंकर जी किसी को भोरो– ाायरी अपनी स्पीचिज मे नी कहने देते थे। वे बाते रिकार्ड मे नही आती थी। वह अनपार्लियामैंट्री लैंग्वेज समझी जाती थी, जैसे कोर्ट मे कोई भोर नही कह सकता इसी प्रकार से वह पार्लियामैंट्री लैंग्वेज नही समझी जाती थी। वे एक ऐसी कल्चर्ड फैमिली से आये जो सारी उमर डैडीकेटिड फ्रीडम फाईटर रही। जो सर्विस उन्होंने ने ान की की, उसका जितना भी हम जिक्र करे, उतना ही कम है।

फिर मैं मलिक खिजर हयात खां के बारें मे अर्ज करना चाहता हूं। वह, मिट्ठा टिवाना एक जगह है, वहां पैदा हुए। सर उमर हयात खां के इकलौते लड़के थे। खिजर हयात की एसोसिए ान या उनकी बातें वगैरा पढक्ष्ने का किसी को भाौक हो तो वह ज्ञानी गुरमुख सिंह मुसाफिर ने एक किताब लिखी है ''पंजाब के बड़े वजीर'', वह पढ़े, मुझे अफसोस है कि उन्होने हमारे चीफ मिनिस्टर नही लिये, ज्ञानी जैल सिंह तक लिये है। हरियाणा भी तो उसी पंजाब का एक पार्ट था। हमारे भी चीफ मिनिस्टरों का उसमे जिक्र होता तो अच्छी बात थी। उन्होंने खिजर हयात जी के बारे मे दो चार बाते लिखी है। एक बात जो मुझे

सबसे ज्यादा पसंद आयी वह यह थी कि वे इंडियन कल्चर के बड़े मद्दा थे। उस समय बहुत सारे लोग ख्दर की अचकनें पहनते थे, चूड़ीदार पाजामें पहनते थे लेकिन जब बाहर जाते तो नकटाई लगाकर जातें वह उस वक्त की इंटरनै ानल आर्गेनाइजे ान मे ये तो अखबारों मे जो खबर उनकी तुर्रेदार पगड़ी, उनकी वह सिलवार और लम्बी अचकन के बारे आयी, उसमें उन्होंने यह लिखा कि यह ड्रैस पहल बार वल्ड मे रिप्रजैंटे ान दे रही है। दूसरी जो सबसे बड़ी बात थी खिजर हयात खां साहब की, वह यह थी कि वे एक फौजी थे, फौजी रहे आखिर तक। सैकंड लानसर्ज मे वे डायरेक्ट कमी ान मे आये थे और सैकंड लानसर्ज मे हिसार के बहुत सारे आदमी, खासतौर से हमारे प्रताप सिंह जी लाम्बा की कांस्टीच्यूऐंसी के आदमी उनके साथी है। उनकी यह एसोसिए ान इन लोगों की तरफ से कभी नही गयी। उनका ख्याल यह था कि टिवाने से हम आये है। हरियाणा से उनकी बड़ी मुहब्बत थी। जो ऐपीसोड उन्होंने लिखा है उससे हिन्दुस्तान के करैक्टर और मलिक खिजर हयात खां के करैक्टर की सही तस्वीर सामने आती है। Just after partition an offer was made by the Muslim League to join the cabinet. जिन्होंने आफर दी वे फिरोजपुर के थे नवाब ममदौद के लड़के जो पहले चीफ मिनिस्टर बने। उनको भी लोग नवाब ममदौट ही कहते थे। उन्होंने यह कहा कि आप हमारी वजारत मे आइये। खिजर हयात खां ने, उस वक्त पंजाबी उर्दू लिखी जाती थी, उसमें उनको जवाब दिया है कि इमैं उस पंजाब का प्रीमियर रहा हूं जिसमे हिन्दु, सिख और मुसलमान

सब थे। अब तुम पंजाब का कब्रिस्तान बनने के बाद, मुझे आफर देकर मेरी तौहीन करते हो कि मैं मुस्लिम लाी ज्वायन कर लूं। वे उन लोगों मे से थे जिन लोगों ने सबसे पहले सेकुलर पार्टी की बुनियाद रखी और हकूमत कायम की। उसके बाद जब डाक्टर खान साहब पाकिस्तान के प्रीमियर बने, तो उन्होने खिजर हयात खां को आफर की कि आप सैंट्रल गवर्नमैंट मे आ जाओ। वे हवाई जहाज के जरिये नवाब कजलवा ा जो इनके समधि थे, उनको लेकर वहां गये भी। वहां जाकर उन्होने पूछा कि यह गवर्नमैंट जो है, इस कोली ान गवर्नमैंट मे क्या मुस्लिम लीग भी भाामिल होंगे ? खान साहब ने कहा, 'हां, यह तो कोली ान गवर्नमैंट है, इसमे मुस्लिम लीग भी भाामिल होगी।' खिजर हयात खां ने उसी वक्त अगले जहाज से अपना टिकट वापिस बुक किया और लाहौर वापिस आ गये। नोट छोउ़ आये, उनसे मुलाकात भी नही की। खिजर साहब किसी फिरकापरस्त पार्टी के साथ एज कोली ान भी बैठने को तैयार नही थे। सैकुलरिजम की उन लोगो मे एक अरज थी। जि लोगो ने ''लास्ट डेज आफर राज'' किताब पढ़ी है, उनको पता होगा कि जब आई.एन.ए. का ट्रायल चला तो तमाम चीफ मिनिस्टर्ज को कान्फीडैं गियज लैटर्ज एड्रैस हुए थे कि आप बताओं आई. एन.ए. के साथ क्या सलूक किया जाये। खिजर हयात खां का जो लैंटर था उसमे ंयह लिखा है कि आई.एन.ए. के साथ वह सलूक किया जाये जो दे ा भक्त सिपाहियों के साथ किया जाता है। उन्होंने आथ जरूर तोड़ी लेकिन दे ाभक्ति के जजबे के नीचे, बिट्रैयल या गद्दारी के नीचे नही। अगर ऐसा नही हुआ

तो आपकी जो रैगुलर आर्मी है, जिसमे एक सिपाही तो आज नौकर है लेकिन हर तीसरा आदमी आई.एन.ए. मे है, यह बगावत कर देगी, आपके खिलाफ हो जायेगी। इस चीज ने उनके ट्रायल का बड़ा इन्फलूऐंस किया। मलिक खिजर हयात डुब्बे वतन थे, सिपाही थे, एक डैमोक्रैट थे और सब से बड़ी बात यह है कि अपनी जवाब के पक्के थे मौलाना आजाद जिन्होंने उनके बारे मे लिखा है। लिखते है कि मेरे पास एक सिख डैपुटे ान आया मास्टर तारा सिंह के साथ। उन्होंने कुछ अ योरैन्स चाहे कि पार्टी ान के बाद क्या होगा। तों मैंने कहा कि आप बताओ क्या क्या हो। उन्होनें कहा कि आप यह यह चीजे खिजर हयात से कह दै। यह वह वक्त था जिस वक्त खिजर और सच्चर की गवर्नमैंट थी। खिजर की जबान लोहे की जबान है। अफसोस कि ऐसे आदमी हमारे बीच से चले गये। मै अपने जजबात लीडर आफर दी हाउस के साथ बाबस्ता करते हुए उन सब के सामने अकीकत के साथ सिर झुकाता हूं।

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल): स्पीकर साहब, पिछले जितने भी सै ान हुए, उन सबमे ही ऐसा हुआ है और ऐसा लगता है कि दे ा की स्वतन्त्रता के लिये फ्रीडम फाईटर के तौर पर जिन्होंने काम किया और दे ा की स्वतन्त्रता के बाद भारत की वृद्धि और विकास के अन्दर बढ़–चढ़ कर अपना रोल अदा किया, वे महान भाख्सियतें एक–एक करके आज हमारे बीच से जुदा हो रही है। उसी प्रकार से आज के इस भाोक प्रस्ताव के

अन्दर भी हम उन महान विभूतियों को श्रद्धंजलि अर्पित करने के लिये यहां हाउस मे इकट्ठे हुए है। मैं बड़ी तफसील के साथ जैसे कि यहां पर कहा गया है, उनके बारे मे नही जाऊंगा। मैं केवल दो–एक हमारे डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृश्णन जी हैं मैं समझता हूं कि मौलूदा जमाने के अन्दर, जिसे हम मौडर्न युग कहते है, वे सारे संसार के अन्दर भारतीय संस्कृति के प्रतीक रहे। और हिन्दु फिलासफी के मान बिन्दू बनकर उन्होंने हिन्दू संस्कृति को विदे ाो मे पहुंचाया। वे दे ा के लिए एक मार्ग द र्ाक थे। अपनी योग्यता और कर्मठता के कारण वे राश्ट्रपति के पद पर पहुंचे। मै तो केवल उनके बारे मे इतने ही भाब्द कहूंगा कि राजनीति के अन्दर होते हुए भी वे राजनीति से अलाहिदा रहे जैसे कि कीचड़ के अन्दर कमल का फूल रहता है। आज उनकी मृत्यु से जो दे ा मे एक खला पैदा हुआ है, मे समझता हूं कि वह पूरा नही हो सकता। उनका पैगाम एक ऐसा पैगाम था जिसे हम पैगाम ही नही कह सकते बल्कि यह कह सकते है कि दूनिया के के सामने आज के युग के अन्दर जितनी फिलौसफियां है, उनमे हिन्दू फिलासफी व हिन्दू धर्म को उजागर कर दे ा की प्रतिश्ठा को बढ़ाया है।

इसके साथ ही दूसरे महान नेता श्री खंडू भाई देसाई है। उनका भी अपने दे ा के अन्दर एक अलाहिदा स्थान हैं विचारधारा का इख्तलाफ हो सकता है लेकिन ट्रेड यूनियन एक्टीविटीज के अन्दर उन्होने जो काम किया है, सारे भारत के लोग उसको भूल नही सकेंगे। लेबर मूवमैंट के लिए उन्होंने अपने

जीवन को लगायां वह पहले ही व्यक्ति थे जिनके जीवन के अन्दर इंटक को बनाया गया और 1947 से लेकर 1950 तक वह इसके सैक्रेटरी रहे और 1950 से लेकर 1953 तक प्रधान के पद पर काम किया। स्वतन्त्रता के बाद उन्होंने मजदूरों के हकूक के लिए और उन्हे संगठित करने के लिए जो काम किया, उसे हम भूल नही सकेंगे।

इसी प्रकार से मिस पदम जा नायडू है। मैं उनका जिक्र करना बहुत जरूरी समझता हूं। उन्होंने इंडियन रैडक्रास सोसायटी के चेयरमैंन की हैसियत से बहुत काम किया है। जब बंगला दे ा से करोड़ो की तादाद मे रिफयूजीज भारत आए औरजिस प्रकार से रैडक्रास के द्वारा सहायता कार्य किया गया उससे उनका नाम भारत के अन्दर सदा रो ान रहेगा। एक फ्रीडम फाईटर सारा जीवन अपने दे ा के लिए सोचता है और जो भी काम करता है वह दे ा की भलाई को सामने रखकर करता है। उन्होंने न अपने परिवार के लिए और न अपने निजी जीवन के लिए कुद सोचा। इसी प्रकार से उन्होंने बड़ी बहादूरी के साथ हैदराबाद के निजाम का मुकाबला किया। निजाम के आगे सिर नही झुकाया बल्कि मजबूती के साथ उसका मुकाबला किया। यह भी तारीख के अन्दर एक रो ान पहलू हमारे सामने रहेगा।

इसी तरह से सर खिजर हयात खां टिवाना को, हम लोग जो आजादी के बाद पाकिस्तान से आए, नही भल सकते। यह वही आदमी था जिन्होंने मुस्लिम लीग से कोई गठजोड़ नही

किया और वजारत से इस्तीफा दे दिया लेकिन दे ा को दो टुकड़ो के अन्दर तकसीम करने वाली बात पर अपना सिन नही झुकाया। हम इनको कभी नही भूल सकते।

इसी तरह से और भी महानुभाव है, विभूतियां है जिनका इस प्रस्ताव के अन्दर जिक्र आया है। स्पीकर साहब, इस संसार के अन्दर हजारों लोग रोज पैदा होते है और हजारे लेाग रोज मरते है लेकिन वे बडी भाख्सियत होती है और उनके आगे सर झुकता है जिनको जनता के नुमांयदे On the floor of the House श्रद्धांजलि अर्पित करते है। मैं लीडर आफ दी हाउस ने जो भाोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, उसका अनुमोदन करता हूं और प्रभु से यह प्रार्थना करता हूं कि वह उनको अपने चरणो मे स्थान देक। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवारों को इस दु:ख को बर्दा त करेने की भाक्ति प्रदान करे।

श्रीमती लेखवती जैन (अम्बाला): स्पीकर साहब हाउस के सामने जो भाोक प्रस्ताव है मै अपने आपको उस भाोक प्रस्ताव मे सम्मिलित करती हूं। हाउस के अन्दर लीडर आफ दी हाउस और आनरेबल मैंबर्ज ने जो विचार प्रकट किए है मैं उनसे कहमत हूं। जनाब, हमारे दे ा की ऐसी भाख्सियते हमे छोड़ गई है जिनकी जगह पूरी होना बहुत मु कल है। श्री राधा कृश्णन हमारे दे ा के बहुत बड़े महान व्यक्ति थे। उनके बारे मे जितना कहा जाए मैं समझती हूं कि वहबहुत कम है।

इसी तरह से श्री खंडू भाई देसाई है जिन्होने गरीबों औरलेबर के अन्दर बहुत काम किया है। डॉ. राधा कृश्णन और खंडू भाई देसाई से मेरी पर्सनल वाकफियत थी। मैंने इनसे बातें की हैं और इनको अच्छी तरह से जानती हूं।

मुझे बड़ा अफसोस है कि आज हमारे दे ा की एक और महान हस्ती, एक बहुत बड़ी औरत पदमजा नायडू चली गई है। आज जब कि women year चल रहा है, इस साल मे पदमजा नायडू हमारे दरमियान से न जाती। उनके जाने से दे ा को और वि ोश रूप से स्त्री समाज को बहुत दुःख होगा कि इस साल मे हमे बहुत कुछ मिलने वाला था और हमें उनके ऊपर बहुत नाज था। इस साल मे हमारे बीच से न जाती तो कितना अच्छा होता। इसके बाद राजेन्द्र नारायण सिंह दयो, श्री प्रताप सिंह जो असैम्बली के मैंबर रहे, श्री देवेन्द्र नाथ महतो, प्रिंसिपल रला राम, इन सब हस्तियों के जाने से बड़ा अफसोस हुआ है। इस हाउस के अन्दर अभी जिक्र आया सर खिजर हयात खां टिवाना का, जो आज नही है। मुझे उनसे मिलने का मौका मिला 1937 मे`जब कि इलैक ान होने के बाद वे चीफ मिनिस्टर बने। उस वक्त मैं उस हाउस मे तो नही थी लेकिन मुझे याद है कि जब भी कोई उनसे मिलता तो वे बड़े प्रेम से मिला करते थे। मैं उनकी वह बात नही भूल पाती जो वह मिलते ही कहा करते थे– ''राजी–बाजी'' यह भाब्द मै समझती हूं, भूलाए नही जा सकते। इन चन्द भाब्दों के साथ मैं अपनेआपको इस भाोक प्रस्ताव से सम्मिलित करती हूं।

Mr. Speaker: Hon. Members, in the passing away of Dr. S. Radhakrishnan, former President of India, and the country has become poorer due to the loss of a seasoned statesman and a Philosopher. Befor assuming Presidency, he held many offices both at home and abroad with dignity and distinction. The country will always remember him for espousing the cause of the teachers in this country. As Vice-Chancellor of Andhra University and later as Honorary Vice-Chancellor of Banaras Hindu University, he gave a new direction to the adminstration of education. His talks and speeches reveal his intellectual gifts and the highest level of knowledge of human nature. He was an orator par excellance. As Indian Ambassador to Soviet Union he countributed a lot in forging the closest relations between the two countries. As our Vice-President and Chairman, Rajya Sabha from 1952-62 he contributed significantly to the consolidation of our political and parliamentary traditions. His death has created a void which willbe difficult to fill up.

The country has also suffered a loss on account of the death of Sh. Khandubhai Desai, former Governor of Andhra Pradesh. He was one of the architects of the Trade Union movement of India and seved the country bothg inpre-independance and post-independance periods. He was memeber of the Bombay Assembly, in 1937. Later, he was a member of the constituent Assembly, Lok Sabha and Rajya Sabha and wa also Labour Minster in the Central Government from 1954-57.

Miss Padmaja Naidu, veteran freedom fighter and former Governor of West Bengal also passed away the other

day at the age of 75. After relinquishing the charge of Governorship, she was closely associated with various social organisations such as Jawahrlal Nehru Memorial Fund, All India Handicrafts Board, Bharat Sevak Samaj and Hydrabad State Youth Welfare Board. She was also Chairman of the Indian Red Cross Society and the Bangla Desh Refugee Assistance Committee. Like her mother Smt. Srojini Jaidu, Miss Padmaja Naidu has aslso served the nation in various capacities. She was also elected to the parliament in 1950 but resigned her seat two years later because of ill health. She was really a grat daughter of a great mother.

Sh. R.N. Singh Deo, ex-Chief Minister, Orissa was also a renowned Parliamentarian and a leader of the Swatantra party.

Sh. Partap Singh and Sh. Mahato were both members of our Parliament.

Principal Rala Ram was my colleague in the composite Punjab VidhanSabha. He did a lot of work for the uplift of his Constituency. He had dedicated himself of the cause of Arya Samaj and education. After the formation of Regional Committees, he was elected as Chairman of the Punjabi Regional Committee.

Malik Khizar Hayat tiwana was the Chief Minister of the pre-partitioned Punjab. He was a symbol of Hindu-Muslim Unity.

I full associate myself with the deep feelings that have been expressed about the passing away of the great leaders and I shall no doubt convey the sympathies of the

House to the bereaved families. Now I request you to kindly observe lilence for a minute while standing as a mark of respect to the deceased.

(The House then observed one minute's silence while standing as a mark of respect to the departed souls).

चौधरी चांद रामः स्पीकर साह, चीफ मिनिस्टर साहब के खिलाफ एक प्रिविलेज मो ान है..........(विघ्न)......

श्री अध्यक्षः अभी मुझे सैक्रेटरी ने बताया है कि दो कल अटैन ान मो ान्ज और एक प्रिविलेज मो ान आए है। These are under my examination and I will give my decision.

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, मेरी एक प्रार्थना है कि दो काल अटैन ान मो ान ....(ोर).....

Mr. Speaker: I have already said these are under my examination. You gave these notices late.

अध्यक्ष द्वारा घोशणाएं

(क) सभापति तालिका

Mr. Speaker: Under Rule 13 (1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly, I nominate the following Members to serve on the Panel of Chairman:-

1. Rao Nihal Singh,

2. Rao Dalip Singh

3. Chaudhri Ishwar Singh

4. Chaudhri Manphul Singh

(ख) याचिका समिति

Mr. Speaker: Under Rule 286 (1) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Vidhan Sabha, I nominate the following Members to serve on the Committee on Petitions:-

1. Smt. Lekhwati Jain (Deputy Speaker),

Ex-Officio Chairman;

2. Rao Dalip Singh;

3. Sh. Gulab Singh Jain;

4. Chaudhri Phool Chand (Rohat); and

5. Chaudhri Phool Chand (Mullana).

I have to inform the House that in pursuance of Rule 224 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly, the Seventh Report of the Committee on Subordinate Legislation for the year 1974-75 was presented to me by the Chairman of the Committee on Subordinate Legislation as this could gnot be presented to the House before the expiry of the term of the office of the

Committee for the year 1974-75 due to the adjournment of the House *sine-die* on the 17th January, 1975.

In pursuance of the aforsaid rule, I had ordered the printing of the seventh Report of the Committee on Subordinact Legislation for the year 1974-75.

Now I lay a copy of this Report on the Table of the Hosue.

I have to inform the Hosue that in pursuance of the provision of Rule 224 of the rules of Procecduce and Conduct of Business in the Haryana Legislative Assembly, the 8th Report of the Public Accounts Committee and 7th Report of the Estimates Committee were presented to me by the Chairmen of the respective Committees as these could not be presented to the House before the expiry of the term of these Committees for the year 1974-75 due to the adjournment of the House *sine-die* on the 17th January, 1975.

In pursuance of the provisions of the aforsaid rule, I had ordered the printing, publication and circulation of the above-mentioned Report.

I now lay a copy each of these Reports on the Table of the Hosue.

सदन के मेज पर रखे गए/पुनः रखे गए कागज पत्र

State Minister for Irrigation & Power (Sardar Harmohinder Singh Chatha): Sir I beg—

To lay on the Table the Indian Electicity (Haryana Amendment and Validation) Ordinacne, 1975 (Haryana Odinance No. 1 of 1975).

I also beg to lay on the Table the Punjab Urban Immovable Property Tax (Haryana Amendment) Ordinacne, 1975 (Haryana Odinance No. 2 of 1975).

I also beg to lay on the Table the Faridabad Complex (Regulation and Development) Amendement and Validation Ordinacne, 1975 (Haryana Odinance No. 3 of 1975).

I also beg to lay on the Table the Transport Department's Notification No. G.S.R.34/C.A.4/39/Ss 24 and 41/75, dated the 4th April, 1975, regarding the Punjab Motor Vehicles (Haryana 1st Amendment) Rules, 1975, as required under section 133 (3) of the Motor Vehicles Act, 1939.

I also beg to re-lay on the Table a copy the Notification No. G.S.R.77/H.A.14/74/S.67/74, dated the 12th June, 1974, regarding the Haryana Children Rules, 1974, as required under section 67 (3) of the Haryana Children Act, 1974.

Sir, I also beg to lay on the Table the General Asministration Department's Notification No. G.S.R.8/Const./Art.320/Amd (3)/75, dated the 17th January, 1975, regarding the Haryana Public Service Commission (Limitation of Functions) Third Amendment Regulations, 1975, as required under Article 320 (5) of the Constitution of India.

Sir, I also beg to lay on the Table the General Asministration Department's Notification No. G.S.R.15/Const./Art.320/Amd (4)/75, dated the 10th February, 1975, regarding the Haryana Public Service Commission (Limitation of Functions) Fourth Amendment Regulations, 1975, as required under Article 320 (5) of the Constitution of India.

Sir, I also beg to lay on the Table the Annual Report on the working of the Haryana Public Service Commission from 1st April, 1973 to 31st March, 1974, as required under Article 323 (2) of the Constitution of India.

सचिव द्वारा घोशणाएं

Mr. Speaker: Now the Secretary will make annuncements.

Secretary: Sir, I beg to lay on the Table the House of a Statement showing the Bills which were passed by the Haryana Legislative Assembly during its last Session held in January, 1975, and have since been assented to by the Vovernor/President.

STATEMENT

1. The Haryana Legislative Assembly (Allowances of Members), Bill, 1975.
2. The Haryana Legislative Assembly Speaker's and Deputy Speaker's Salaries and Allowances, Bill, 1975.

3. The Kurukshetra University (Amendment) Bill, 1975.

4. The Haryana Appropriation (No. 2) Bill, 1975.

5. The Haryana Appropriation Bill, 1975

6. The Haryana Appropriation (No. 2) Bill, 1975

7. The Haryana Development and Regulation of Urban Areas Bill, 1975

8. The Haryana Requisitioning and Acquisition of Moveable Property Bill, 1975

Secretary: Sir, I have inform the House that the Haryana Public Wakfs (Extension of Limitaion) Bill, 1974, which was passed by the Haryana Legislative Assembly on the 26th November, 1974, have since been assented to by the President.

Sir, I beg to lay on the Table the House of a copy each of the following documnets received from the Council of States regarding the ratificaiton of the Constitution (Thirty-Eighth Amendment) Bill, 1975 as passed by the Houses of Parliaments.

(i.) Letter dated the 28th April, 1975, received from the Secretary General, Rajya Sabh.

(ii.) The Constitution (Thirty-Eighth Amendment) Bill, 1975 as introduced in Lok Sabha (English and Hindi versions).

(iii.) The Constitution (Thirty-Eighth Amendment) Bill, 1975 as passed by House of Parliament (English and Hindi versions).

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के कल्याण संबंधी समिति का द्वितीय प्रतिवेदन पे ा करना

Chairman, Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes (Sh. Nihal Singh): Sir, I beg to present the Second Report of the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

चौधरी चांद राम: स्पीकर साहब, यह रिपोर्टस वगैरह तो आपने पे ा कर दी लेकिन इन पर बहस के लिये तो टाईम मिलना चाहिये। जैसे पब्लिक सर्विस कमी ान की रिपोर्ट है, वैलफेयर आफ भौडयूल्ड कास्ट और भौडयूल्ड ट्राइब्ज वगैरह है, कम से कम इन पर डिसक ान के लिए तो आप कोई समाधान निकालें।

Mr. Speaker: The Business Advisory Committee is meeting today at 5 P.M. We will consider it there.

श्रीमती चन्द्रावती: On a point of order, Sir, यह तो जैसे हरियाणा स्टेट इलैक्ट्रीसिटी बोर्ड आर्डीनैंस वगैरा आते है और फिर उनके बारे मे अमैंडिंग बिल आते है, इस बारे मे मैं यह निवेदन करना चाहती हूं कि इनके साथ अगर इनके मेन ऐक्टस

अमैंडमैंटस को समझ सकें और अपने विचार रख सके। मेन ऐक्ट हमारे पास होता नही है.....।

श्री अध्यक्षः आर्डर प्लीज। उस आइटम को तो पहले हाउस के सामन आने दो।

श्रीमती चन्द्रावतीः मैं तो जनाब यही बात आपके नोटिस मे लाना चाहती थी कि आर्डीनैंसिज के बारे मे जो बिल आते है, उनके मेन ऐक्टस भी अगर साथ मैं मिल जायें तो उनको समझने मे आसानी रहती है।

श्री अध्यक्षः हर बिल के साथ रैलेवैंट ऐक्ट मे से रैलेवैंट ऐक्सट्रैक्ट लगाया हुआ है। सारा ऐक्ट कैसे साथ लगायेंगे ?

सरकारी संकल्प

Chief Minister (Chaudhri Bansi Lal): Sir I beg to move—

That this House ratifies the amendments to the Constitution of India falling withing the purview of the proviso to clause (2) of Article 368 thereof, proposed to be made by the Constitution (Thirty Eighth Amendment) Bill, 1975, as passed by the two Houses of Parliament which seeks to make Sikkim a State in the Union and the Short title of which has been changed into "the Constitution (Thirty Sixth Amentment) Act. 1975."

Mr. Speaker: Motion moved—

That this House ratifies the amendments to the Constitution of India falling withing the purview of the proviso to clause (2) of Article 368 thereof, proposed to be made by the Constitution (Thirty Eighth Amendment) Bill, 1975, as passed by the two Houses of Parliament which seeks to make Sikkim a State in the Union and the Short title of which has been changed into "the Constitution (Thirty Sixth Amentment) Act. 1975."

चौधरी दलसिंह (जींद): अध्यक्ष महोदय, पार्लियामैंट मे भारतीय संविधान को सं ाोधित करके सिक्किम भारत का 22वां राजय बनाने जा रहे है और इसकी रैटीफिके ान के लिये सरकार की तरफ से प्रस्ताव पे ा किया गया है। जहां तक इस प्रस्ताव के समर्थन का संबंध है, मैं समझता हूं कि कोई भी व्यक्ति जिस के लिद मे दे ा का हित है, इसकी ताईद करेगा। जहां तक मेरा सम्बंध है मै इसकी पुरजोर ताईद करता हूं। स्पीकर साहब, मैं यह कहे वगैर नही रह सकता कि जो अब पिछले महीने किया गया है यह बहुत पहले होना चाहिये था और यह बहुत पहले हो सकता था क्योकि सिक्किम बाकायदा तौर पर 1921 मे इंडियान चैंबर आफ प्रिंसिंज का मैंबर था और जिस वक्त भारत मे दूसरी रियासतों का मर्जर हुआ था, उसी वक्त ही सिक्किम का भी मर्जर होना चाहिये था। खैर, अगर इस सरकार को देर के बाद भी यह बात समझ आ गई है तो भी बहुत खु ाी की बात हैं लेकिनउस वक्त यह काम हो जाता तो करोड़ों रूपये जो चोग्याल को मिलते

रहे और वह अपने ऊपर ही उसे खर्च करता रहा यह बचाये जा सकते थे और यह रा ि ा सिक्किम की जनता के लिये डिवैल्पमैंट पर खर्च हो सकती थी। मै अर्ज करता हूं कि पिछले महीने की दस तारीख को सिक्किम असैम्बली ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास किया कि सिक्किम का विलय भारत के साथ किया जाये और चोग्याल के ओहदे को खत्म किया जायें फिर पिछले महीने की ही 16/17 तारीक्ष को सिक्किम कैबिनट के सारे मैंबर देहली मे आकर प्रधान मंत्री और राश्ट्रपति से मिले और उन से प्रार्थना की कि उन्होने जो प्रस्ताव पास किया है, उसे जल्दी से जल्दी लागू किया जाये। इसके बाद फिर वहां पर जनमत हुआ जिसमे वहां 63 फीसदी लोगों ने हिस्सा लियां 59369 लोगो ने मर्जर के हक मे और केवन 1494 लोगों ने इस के खिलाफ वोट दिया। जिस वक्त यह वाक्या हो रहा था, उस वक्त ही वहां की प्रजातन्त्र पार्टी के चेयरमैंन, जो चौग्याल के बहनोई है, उन्होंने एलान किया कि वह अपनी पार्टी को भंग करते है। यह हिस्टौरीकल वाक्यात है जिनको भुलाया नही जा सकता। इस संबंध मे मैं एक बात जरूर कहना चाहता हहूं कि जितनी जल्दी यह काम किया गया है यह स्वाभाविक और उचित नही लगता है। आज से 22/24 साल पहले जब सिक्किम के लोग यह मांग करते रहे कि भारत के साथ उनका मर्जर किया जाये तब कोई कार्यवाही नही की गई और अब एक महीने के अन्दर ही सारी कार्यवाही की गई जो कि स्वाभाविक नही मालूम पड़ती है बल्कि यह सरकार की कमजोरी और कोताही जाहिर करती है। कौन सी ऐसी बात थी कि अप्रैल के महीने मे ही

प्रस्ताव पास हो गया, अप्रैल के महीने मे ही वहां की कैबिनट के मैंबर प्रधान मंत्री से भी मिल लिये और अप्रैल के ही महीने मे ही वहां रिफ्रैंडम हो गया और.....(विघ्न)..... मेरे कहने का मतलब यह है कि यह सारी बातें 22/24 साल पहले हो जानी चाहिये थी। अब लोग भाक करते है कि पुलीटिकल आधार पर यह बाते की गई है। सिक्किम की सरहदें उन दे ाो से मिलती है जिनकी हमारी तरफ नजरे अच्छी नही है और मैं समझता हूं कि इस सारी बात की जिम्मेदारी चोग्याल पर है क्योकि उस ने गलत काम किये और उसके गाईडज ने लोगों को मारना भाुरू कर दिया। खैर, में अब ज्यादा न कहता हुआ यही अज्र करता हूं कि अब जो कदम उठाया गया , ठीक उठाया गया है और अच्छा है हालांकि यह बहुत देर से उठाया गया है लेकिन फिर भी अच्छा ही किया गया है। इन भाब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल): स्पीकर साहब, मे इस प्रस्ताव का हार्दिक स्वागत करता हूं और भारत सरकार को मुबारिकबाद देता हूं कि बड़ी भीघ्रता के साथ उन्होंने जो बात आज से 25 साल पहले करनी चाहिये थी वह अब करके सिक्किम के लोगों की मनोकामना को पूर्ण किया है.....

सिंचाई एवं बिजल मंत्री (श्री बनारसी दास गुप्त): उस दिन करते तो भी कुछ न कुछ जरूर कहते (हंसी) बात भली हो या बुरी, कहना जरूर है कुछ।

चौधरी राम लाल वधवा : कहने मे कमी आप भी नही करते। हम भी कहने के लिये आये है.....(विघ्न).....तो स्पीकर साहब मुझे खु ाी है कि सिक्किम मुकम्मल तौर पर भारत का हिस्सा बन रहा है और इसका भारत मे अलहाक हो रहा हैं सिक्किम के लोगों ने आजादी के बाद भी इस वाब के लिये आवाज उठाई थी और मैंने इस बारे मे पूरी तफसील के साथ पिछली दफा जब 35वी अमैंडमैंट आई थी, बात कही थी कि यह जो सिक्किम को एसोि ायेट स्टेट का दर्जा दिया जा रहा है, यह संविधान की स्प्रिट के खिलाफ है और यह दे ा के हित की बात नही है क्योकि फिर दुसरी स्टेटस भी इसी प्रकार से क्लेम कर सकती है। खैर अब मुझे खु ाी है कि इन्होंने अपनी गलती को स्वीकार किया है और अब सुधार किया है। स्पीकर साहब, सिक्किम का अपना एक महत्व है। इसकी सरहदे चीन के साथ लगती है जिसके साथ हमारे ताल्लुकात अच्छे नही है। चीन ने हमारे दे ा के बहुत बड़े इलाके पर कब्जा कर रखा है। इन हालात मे सिक्किम मे जो हालात चल रहे थे अगर उनको उसी तरह से चलने दिया जाता तो यह दे ा के लिये बहुत हानिकारक बात थी। जो कुछ चोग्याल वहां पर कर रहा था जिस प्रकार के वहां हालात पैदा करने की वह कोि ा ा कर रहा था, वह दे ा के हित मे नही थे। चोग्याल के औहदा को खत्म करके सिक्किम का भारत के साथ अलहाक किया जा रहा है और इस तरह करके सिक्किम के लोगों को भारत के लोगों की तरह समान अधिकार दिये जा रहे है। ऐसा करके सरकार ने भारत और सिक्किम की

सुरक्षा की तरफ ध्यान दिया है। आज चीन इस बारे मे भाोर मचा रहा है लेकिन वह भाायद यह बात भूल जाता है कि सिक्किम के लोगों ने तो आज से 25 साल पहले भारत मे मिलने के लिये आवाज उठाई थी और उस वक्त से उठाता आ रहा है लेकिन दूसरी तरफ तिब्बत पर उस ने लोगों की मर्जी के खिलाफ कब्जा कर दिया है और जबरदस्ती अपने मे भाामिल कर दिया है। आज चीन को यह भाोर मचाने का हक नही पहुंचता है। उसी प्रकार कह हालत आज पाकिस्तान की सलामती के लिए कोि ा ा की है। आज इन दोनों मुल्कों की परवाह न करते हुए भारत सरकार ने जो कदम उठाया है वह सराहनीय है। चोग्याल की व्यक्तिगत हकूमत सिक्किम पर थी। वह सिक्किम की जनता के ऊपर अत्याचार करता था। बहुत पहले हमारे दे ा मे होम मिनिस्टर सरदार पटेल होते थे हजन्होंने दे ा की सारी रियासतों का भारत के अन्दर अलहाक किया और राजे–महाराजाओं के व्यक्तिगत भाासन को खत्म किया। लेकिन इन सब बातों के होते हुए एक राजा का राज देखते रहे और 25 साल तक हमने उसकी परवाह न की लेकिन आज चोग्याल की अपनी करतूतों के कारण भारत सरकार ने उचित कार्यवाही करके रैटीफिके ान के लिए जो बिल सदन के सामने पे ा किया है, मैं उसका समर्थन करता हूं। लेकिन इसके साथ ही साथ स्पीकर साहब, सदन मे एक बात कहे वगैर मैं नही रह सकता कि जहां हम सिक्किम के लोगों को अपने दे ा के लोगों के साथ समान अधिकार दे रहे है, भारत जैसे विकास ाील और प्रगति ाील दे ा के लोगों को एक समान

तरक्की करने, प्रगति करने के अवसर प्रदान करने के लिए भारत सरकार उनको जहां नागरिकता दे रही है, वहां इस बिल के अन्दर क्लाज 3 (जी) जोड़ दी गई है जिसको कम से कम मैं पसन्द नही करता। क्लाज 3 (जी) के अन्दर लिखा है–

3. "After Article 371 E of the Constitution, the following shall be inserted, namely:-

"371 F. Notwithstanding anything in this Constitution-

(g) the Governor of Sikkim shallhave special responsibility for peace and for equitbale arrangements for ensuring the social and economic advancement of different sections of the population of Sikkim and in the discharge of his special responsibility under this Clause of Governor of Sikkim shall, subject to such directions as the President may, from time to time deem fit to issue, act in his discretion".

स्पीकर साहब, अपने कांस्टीच्यू ान के अन्दर हम सिक्किम को भारत की दूसरी स्टेटस के बराबर एक अधिकार दे रहे है आर्टिकल 2–ए के नीचें आर्टिकल 2–ए के माध्यम से सिक्किम को एसोि ाएट स्टेट के रूप मे लाया गया है। उसको समाप्त करके आर्टिकल 2 के नीचे नई स्टेट को भारत के ढांचे के नीचे के ला रहे है। इसका सीधा सा मतलब जो आज जनता के सामने आता है, वह यह है कि जो अधिकार भारत की जनता को है वही अधिकार उनको होंगे। आज डैमोक्रेटिक, लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक ढांचा भारत की जनता को मिला है और उसी प्रकार

का ढांचा सिक्किम की जनता को मिलेगा। लेकिन क्लाज 3 (बी) के अन्दर गवर्नर को स्पै ाल पावर्ज दे दी है। मैं समझता हूं कि दूसरी जो क्लाजिज आई है उन के अन्दर क्लीयर लिखा है कि कौंसिल आफ मिनिस्टर होगी जो इलैक्टिड होगी। मौजूदा कौंसिल जो अप्रैल, 1974 के अन्दर चुनाव के जरिए चुनी गई, वह भी कायम रहेगी। असैम्बली को भी पावर रहेगी, वह कानून भी पास कर सकेगीं लेकिन कि असैम्बलियों की स्वतन्त्रता पर, इलैक्टिड बौडीज के राईटस पर यह एक कुठाराघात है। क्या चोग्याल की एजेंसी को इस लिए खत्म नही किया कि चोग्याल एक व्यक्ति के रूप मे, एक राजा के रूप मे स्पै ाल पावर्ज लेकर जनता के हित के विरूद्ध कार्य कर रहा था ? अगर स्पे ाल पावर्ज लेकर जनता के विरूद्ध कार्य कार्य कर रहा था तो वही चोग्याल के राईटस लेकर आर्टिकल 3 (जी) के द्वारा गवर्नर को क्यो दिए गए है ? इसलिए मैं समझता हूं कि विधान की यह आर्टिकल 3 (जी) बिल्किुल अनकास्टीच्यु ानल है। आप इसके अन्दर यह देखे कि गवर्नर की जो एजेंसी है, उसके ऊपर आर्टिकल 153 से लोकर 162 तक मे लिखा है। जो गवर्नर आफ स्टेटस है, उन क्लाजिज के अन्दर 'गवर्नर' इन्स्टीच्यू ान को डील किया गया है। आर्टिकल 102 के अनुसार एक गवर्नर होगा। आर्टिकल 154 के तहत लिखा हैं एग्जैक्टिव पावर्ज स्टेट की क्या होगी ? आर्टिकल 155 मे है कि गवर्नर एप्वायंट कैसे होगा। आर्टिकल 156 मे लिखा है कि टर्म्ज क्या होगीं आर्टिकल 157 मे है कि क्वालिफिके ान फार अप्वायंटमैंट क्या होगी। आर्टिकल 158 मे है कि कंडी ान आफ

गवर्नर्ज आफिस क्या होगी। उसके अन्दर यह लिखा है कि गवर्नर जो है वह कौंसिल आफ मिनिस्टर .....(व्यवधान).....

Mr. Speaker: Order please. This has been passed by both Houses of Parliament, and this has come for ratification.

Chaudhri Ram Lal Wadhwa: We can disapprove it if it is unconstitutional. If we are going to ratify it, when we have a right to give and forward our sentiments to theCentral Government.

Mr.Speaker: The resolution before the House is for ratification.

चौधरी राम लाल वधवा : कांस्टीच्यू ानल अमैंडमैंट तब होगी जब आधी असैम्बलियां इसको रैटीफाई कर देगी और प्रेजीडैंट उसको अप्रूव करेगा। जब प्रेजीडेंट के पास अप्रूवल के लिए जाएगा तो राश्ट्रपति को अधिकार है कि कोई क्लाज जिसको वह अनकांस्टीचू ानल समझे, उसे पार्लियामैंट को दोबारा रैफर कर सकता है। इसलिए इस मे जो लीगल फला है, अनकांस्टीच्यू ानल बाते हैख वह मैं सदन के सामन रख रहा हूं और वे सदन के सामने आनी भी चाहिए ताकि राश्ट्रपति उनको देख सके। स्पीकर साहब, इसके अन्दर आर्टिकल 160 मेन क्लाज है। इसमें लिखा है–

"160. The President may make such provisions as he thinks fit for discharge of the functions of the Governor of a State in any contingency not provided in this Chapter."

लेकिन इसके अन्दर यह था कि गवर्नर कौंसिल आफ मिनिस्टर्ज के म ावरे से काम करेगा लेकिन यह कर दिया है कि गवर्नर जो चहोगा, कौंसिल आफ मिनिस्टर्ज उसे अनुसार काम करेगी और विधान सभी को अंगूठा लगाना पड़ेगा। यह चीज हमारे फण्डामैंटल राइट्स के अगेन्सट जाती है। आर्टिकल 164 के अन्दर लिखा है–

"The Council of Minsters shall be collectively responsible to the Legislative Assembly of the State".

इस आर्टिकल के तहत कौंसिल आफ मिनिस्टर्ज कुलैक्टिवली रिस्पौंसिबल होगीं असैम्बली वहां बैठ कर सारे सिक्किम के लोगों की बातों पर विचार करेगी लेकिन यहां सारे अधिकार एक गवर्नर को दे दिए गए है जो खतरनाक चीज है। डैमोक्रेसी के अन्दर अगर हम यह चीज पास कर देते है कि गवर्नर को पावर दी जाएं तो कल को हरियाणा और दूसरी स्टेटस की जो विधान सभाएं है वे भी कांस्टीच्यू ानल अमैंडमैंट की मांग करेगी। कांस्टीच्यू ान के अन्दर अमैंडमैंट लाकर उसके अधिकार गवर्नर को दिए जा सकते है जो कि लोकतान्त्रिक ढांचे की स्पिरिट के विरूद्ध है। यह डिकटेटराना निजाम का कदम है। स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा सदन के सामने रखना चाहता हूं कि जब यह क्लाज राश्ट्रपति इाको स्वीकृति न दे। हमें इस बात की क्षु ाी है कि सिक्किम भारतवर्श की दूसरी स्टेटों की तरह एक स्टेट बन गई है। मुझे इस बात की खु ाी है कि सिक्किम भारतवर्श की

दूसरी स्टेटों की तरह एक स्टेट बन गई है। मुझे इस बात की खु ाी हैं इसके बारे मे मैं एक दिन डिटेल मे पढ़ रहा था। मैंने असैम्बली के पेपर भी पढ़े। जब पार्लियामैंट के सदस्य इस पर बोल रहे थे तो एक कम्यूनिस्ट सदस्य और एक कांग्रेसी सदस्य श्री एची.डी. मालवीया और जैड.ए. अहमद ने कहा था कि सिक्किम के लोग भारत के साथ मिलना चाहते थे लेकिन सरदार पटेल ने इस बात को स्वीकार नही किया था कि ऐसा किया जायें मेंने जब इसकी बैक ग्राउन्ड देखी तो पढ़े पर मालूम हुआ कि सरदार पटेल उस समय गृह मंत्री थे जिन्होंने इस दे ा पर महान उपकार किया है। पंडित नेहरू उस समय प्रधान मंत्री थे। जब सिक्किम के बारे मे प्रपोजल आई तो उनकी यह वर्डिंग थी–

"I do not want a small territory to be swallowed by a big country like ours".

लेकिन आज मुझे खु ाी है कि उसी प्रधान मंत्री की सुपुत्री ने प्रधान मंत्री होते हुए आज उन लोगो की डिमांड को स्वीकार किया है और उसी सिक्किम को आज भारत मे भाामिल किया जा रहा है। यह तो स्पीकर साहब ठीक है लेकिन दूसरी तरफ जो जम्मू क मीर के लोगों को स्पै ाल राइटस दियै जा रहे है, वह बात कुद अखरती है जम्मू क मीर के लोगो को उसी प्रकार के अधिकार और सिटिजनि ाप मिलनी चाहिए जो कि दे ा के दूसरे लोगों को मिली है। हम यह चाहते है कि आर्टिकल 370 को खत्म करके उनको भी सिक्किम की तरह दे ा का एक हिस्सा

मानना चाहिए। इन भाब्दों के साथ, स्पीकर साहब, मैं इस बिल का स्वागत करते हुए यह कहना चाहता हूं कि इस बिल को रैटिफाइ करके अव य भेजना चाहिए लेकिन उन बातों के साथ जो मैंने इस सदन के सामने आपके द्वारा रखी ।

श्री के.एन. गुलाटी (फरीदाबाद): माननीय अध्यक्ष महोदय, यह जो रैजोल्यू ान हमारे सामने अपने लीडर आफ दी हाउस ने रखा है, मैं तय दिल से उसकी ताईद करना चाहता हूं और आपकी मारफत अपने हाउस की तरफ से अपनी मारफत अपने हाउस से अपनी मजबूत प्रधान मंत्री को मुबारिकबाद देना चाहता हूं। हमारे भारत की संस्कृति, हमारे भारत की कल्चर और हमारे भारत के ऐडमिनिस्ट्रे ान को बाहर के लोगों ने भी माना और सिक्किम के लोगों ने उसे खु ाी से कबूल किया और चाहा कि उसे भारत का एक सूबा बनाया जाए। यह एक बड़ी भारी खु ाी की बात है। इस बात के द्वारा तो सचमुच सारे संसार मे हमारी प्रधान मंत्री ने भारत के नाम को ऊंचा किया हैं इसके लिए में दिल से उन्हें मुबारिकबाद देना चाहता हूं। इसके बाद, स्पीकर साहब, मैं अपने चीफ मिनिस्टर साहब को भी मुबारिक देना चाहता हूं क्योकि हर अच्छे काम मे ये पहल करते है। पार्लियामैंट मे बिल पास होने के बाद ग्यारह असैम्बलियों की रैटीफिके ान होनी है। इसके लिए इन्होंने सबसे पहले यह सै ान बुलाया और यह रैजोल्यू ान पास हो करके चला जाएगा।

इसके अलावा, स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत यह भी कहना चाहूंगा कि सिक्किम के इस फैसले से बाहर के कुछ मुल्कों, चीन और पाकिस्तान आदि के पेट मे दर्द लग रहा है। उनके लिए मैं यह कहना चाहता हूं कि–

''जलने वाले जला करें, किस्मत हमारे साथ है।''

स्पीकर साहब, मेरे कुद साथियों ने बोलते हुए कहा कि अगर यह पहले हो जाता तो और भी अच्छी बात होती। उनको भी एक मीठा सा जवाब मै देना चाहता हूं। फारसी की कहावत है कि–

''देर आयद दुरूस्त आयद।''

स्पीकर साहब, समय बलवान है। समय के मुताबिक सब बाते चलती है। तो अच्छी बात को अगर हम बगैर हीलो–हुज्जत, बगैर क्रिटिसिज्म किए, स्वागत करें तो बहुत अच्छा होगा। इनके दिल मे कुछ और हो और मेन मे कुछ और हो, तो बात अच्छी नही लगती तो स्पीकर साहब, इन अलफाज के साथ, मैं इस रैजाल्यू ान की ताईद करता हूं और सदन से प्रार्थना करता हूं कि हमारे लीडर आफ दी हाउस ने जो रैजोल्यू ान हाउस मे रखा है, उसको जल्दी से जल्दी पास कर देना चाहिए।

श्री अमर सिंह (बवानी खेड़ा–अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, आज हाउस के के सामने कांस्टिच्यू ान की 38वीं अमैंडमैंट, जो हमारी पार्लियामैंट के दोनों हाउसिज से पास हो

चुकी है, रैटिफिके ान के लिए है। मैं इसकी पुरजोर हिमायत करता हूं और स्वागत भी करता हूं। जब हम पढ़ते थे तो हिन्दुस्तान के भुमाल मे तीन स्टेटस ऐसी है जो चाईना बार्डर के साथ और हिन्दुस्तान बार्डर के साथ लगती है। जब हिन्दुस्तान आजाद हुआ, उस वक्त दलाई लामा तो हिन्दुस्तान मे आ गए और तिब्बत जबरदस्ती चाईना ने हथिया लिया। दूसरी और भूटान और सिक्किम के लोग हिन्दुस्तान मे मिलना चाहते थे लेकिन राजनीतिक हालात की बिना पर उस समय वे हिन्दुस्तान मे भाामिल नही हो पाएं इसके फलस्वरूप बदस्तूर वहां की जनता मे यह आग भड़कती रही और बार बार उनकी यह ख्वाहि ा उभर कर सामने आती थी कि उन्हे हिन्दुस्तान मे मिलाया जाए लेकिन सिक्किम के चोग्याल, जो चाईना के एजेन्ट बने हुए थे, अपनी मनमानी करते रहे। अन्त मे एक दिन ऐसा आया कि सिक्किम की जनता चोग्याल के विरूद्ध खड़ी हुई। उसने उसे अपना राजा मानने से इंकार किया। वहां पापुलर गवर्नमैंट ऐस्टेब्लि ा हुई और सारे सिक्किम के मिनिस्टर्ज और बहुत सारे इम्पौर्टैंट वी.आई.पीज. हमारी प्रधान मंत्री से मिले और उन्होंने कहा कि वैसे तो उन्हें हिन्दुस्तान मे पच्चीस वर्श पहले मिलना चाहिए था लेकिन अगर अब भी उन्हें ठुकराया गया तो वह इन्सानियत के नाते से कुठाराघात होगा। प्रधान मंत्री ने अपना वि ाल हृदय दिखाया और सिक्किम के लोगों को छाती से लगाया और उसके परिणामस्वरूप आज यह बिल रैटिफिके ान के लिए सदन के सामन हैं मैं, जैसा मैंने भुाय मे कहा, इसकी पुरजोर हिमायत करता हूं। मैं यह समझता हूं कि

सिक्किम के लोगों को वही अधिकार हैं जो आंध्र प्रदे ा और हरियाणा आदि के लोगों को है। इसी तरह का स्टेटस उनका होगा। वह हिन्दुस्तान की बाईसवीं स्टेट होगी और वहां उसी तरह का राज चलेगा जिस तरह का राज दूसरी स्टेटस का चलता है। मेरे कुछ साथियों ने, स्पीकर साहब, कुछ कांस्टिच्यू ानल आपत्तियां जाहिद की हैं लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि उन बातो के बारे मे तो पार्लियामैंट के दोनो हाउसिज मे पहले ही छानबीन हो चुकी है और उसके बाद ही यह बिल दोनों हाउसिज से पास हुआ है। मै तो समझता हूं कि इस स्टेज पर कोठ भी आपत्ति उठाना उचित नही है। कानूनी बिना पर भी वे निराधार है। तो मैं यह चाहता हूं कि जो बिल हाउस के सामन रैटिफिके ान के लिए पे ा है उसको हम यूनानिमसली पास कर दे। स्पीकर साहब, मैं तो यह भी महसूस करता हूं कि हिन्दुस्तान मे मिट्टी का बना कोई भी ऐसा इन्सान नही हो सकता जो सिक्किम के अलहाक का स्वागत न करे। जो ऐसा इंसान हिन्दुस्तान मे है वह हिन्दुस्तानी नही है। इसलिए मैं फिर दुबारा यह दोहरात हूं कि रेटिफिके ान के लिए जो बिल हमारे सामने है इसको हमे यूनानिमसली पास करना चाहिए क्यौंकि यह बहुत ही सराहनीय कदम है। इन भाब्दों के साथ, स्पीकर साहब मै अन्त मे इसका फिर स्वागत करता हूं।

चौधरी पीर चंद (बरवाला अनुसूचिज जाति): माननीय अध्यक्ष महोदय, आज जो बिल सिक्किम का हमारे सामने है, मै

